# कार्यालय : वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सारण्डा वन प्रमण्डल, चाईबासा।

Phone : Off – 06582-256366; Resi – 06582-290093, E-mail-sarandadfo@gmail.com


जहाँ है हरियाली । वहाँ है खुशहाली ।।

पत्रांक 2016 / चाईबासा, दिनांक 27.09.18 /

सेवा में,

अधीक्षण अभियन्ता,,
झारखण्ड उर्जा संचारन निगम लिमिटेड,
चाईबासा।

विषयः— झारखण्ड उर्जा संचारन निगम लिमिटेड, चाईबासा के द्वारा वन संरक्षण अधिनियम,1980 के तहत 51.266 हे0 वनभूमि में से 9.118 हे0 वनभूमि का अपयोजन प्रस्ताव स्वीकृति हेतु समर्पित Online प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंगः— भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्रांक F.No. 7-25/ 2012 -FC दिनांक 05.05.2014

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए सूचित करना है कि भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्रांक F.No. 7-25/ 2012 -FC दिनांक 05.05.2014 निर्गत दिशा निदेश के अनुसार विषयगत कार्य के लिए 51.266 हे0 वनभूमि हेतु अपयोजन प्रस्ताव जिसमें सारण्डा वन प्रमण्डल में 9.118 हे0 वनभूमि सम्मिलित है, का Online प्रस्ताव मे प्रासंगिकं Guideline के अनुसार निम्न बिन्दुओ पर स्थिति स्पष्ट की जाय :—

1. आपके द्वारा समर्पित प्रस्तावित 220 KV D/C ट्रान्समिशन लाईन के प्रस्ताव के Annexure-XII का अवलोकन से प्रतीत होता है कि सबसे lowest wire की धरातल से ऊँचाई लगभग 07.03 मीटर होगी।
2. दिनांक 16.09.2018 को वन विभाग के अधिकारियों एवं आपके अधिकारियों द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया । स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ट्रान्समिशन लाईन का तार Hilly area से cross करता है, जिसके बीच–बीच में उठे हुए Ridge है। आपके द्वारा समर्पित diagram से यह प्रतीत होता है कि में Ridge area में तार की ऊँचाई धरातल से 7.03 मीटर से भी कम होगी।
3. आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से यह नहीं बताया गया है कि धरातल से की न्यूनतम दूरी क्या होगी एवं यह भी नहीं बताया गया है कि Insulated conductors होंगे या Naked conductors होंगे।
4. सारण्डा वन हाथी के लिए विख्यात है एवं सारण्डा वन प्रमण्डल गज परियोजना का है Core area है। विभिन्न Literature survey एवं Expert comment से सह पता चलता है कि Forest area से गुजरने वाला ट्रान्समिशन लाईन के सबसे नीचे के तार का जमीन से ऊँचाई कम से कम 12 से 15 मीटर होना चाहिए एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से Insulated conductors का ही प्रयोग किया जाना चाहिए। वन्य प्राणी सुरक्षा के दृष्टिकोण से भूमिगत ट्रान्समिशन लाईन श्रेष्टकर होगा।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर स्पष्ट मंतव्य शीघ्र समर्पित करें ताकि अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

बनु0—यथोक्त।

आपका विश्वासी,

(signature) 27/9/18

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
सारण्डा वन प्रमण्डल, चाईबासा।